(b) if so, details thereof; and

(c) steps that were taken or proposed to meet the demand of the Turf Authorities?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI ZULFIQUARULLAH): (a) Yes, Sir.

(b) In their representation dated 14th March, 1978, the Five Turf Authorities of India have represented that the proposal contained in clause 21 of the Finance Bill, 1978 relating to deduction of income-tax at source from winnings from harse races will have various undesirable consequences, such as, closure of race clubs, which will, in turn, affect stud farms and horse breeding industry; unemployment to a large number of persons connected with horse racing; loss of revenue to State Governments and increase in illegal betting.

They have suggested that the rate of deduction of tax at source should be reduced from 34.5 per cent to 10 per cent, and the amount of winnings liable for deduction of tax at source may be reduced from Rs. 2,500 to Rs. 1,000. After deduction of tax at source, the balance amount of such winnings should not again be included in the assessee's total income for the purposes of levying income-tax.

(c) The Government has not considered it necessary to make any change in the proposal contained in clause 21 of the Finance Bill 1978.

सरकारी क्षेत्र के उद्योगों में स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार

8616. श्री बैरागी जेना : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि हिन्दुस्तान स्टील लि०, राउरकेला और हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स लि०, सनबेदा जैसे सरकारी क्षेत्र के उद्योगों में, कुशल और अकुशल दोनों प्रकार के स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार के अवसर देने से वंचित रखा जाता है ;

(ख) इन संगठनों में से प्रत्येक संगठन में नियुक्त स्थानीय व्यक्तियों की प्रतिशतता कितनी है; और

(ग) स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

वित्त मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग). सरकारी नीति के अनुसार सरकारी उद्यमों में 500/- रुपये अधिकतम मासिक वेतन वाले निम्न-पदों पर पहले भर्ती केवल रोजगार कार्यालयों के माध्यम से कर ली जाती थी। यह वेतन सीमा अभी हाल ही में बदल कर 800/— रुपये कर दी गई है। भर्ती के अन्य साधनों का उपयोग केवल तभी किया जा सकता है, जब कि रोजगार कार्यालयों द्वारा "अनुपलब्धता प्रमाण-पत्र" जारी कर दिया गया हो। आशा है, कि इस नीति से "स्थानीय" लोगों को उद्यमों में रोजगार के समुचित अवसर मिलने सुनिश्चित हो जायेंगे। सरकारी उद्यमों में क्षेत्र विशेष के कितने कर्मचारी हैं, ऐसे आंकड़े सरकार नहीं रखती है।

आल इंडिया पेन्शनर्स एसोसिएशन द्वारा की गई मांग

8617. श्री राम सेवक हजारी : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आल इंडिया पेंशनर्ज एसोसियेशन ने सरकार से अनुरोध किया है कि सेवा निवृत्त व्यक्तियों को कम से कम 150/— रुपये की पेंशन दी जाए ;

(ख) यदि हां, तो सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) क्या यह सच है कि पेंशन पाने वाले 60 प्रतिशत व्यक्ति 100 रु० से कम पेंशन पाते हैं और यदि हां, तो इन व्यक्तियों द्वारा अनुभव की जा रही कठिनाइयों को देखते हुए सरकार का इस मामले में क्या कार्रवाई करने का विचार है ?

वित्त मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : (क) और (ख). पेंशनभोगियों से निजी तौर पर तथा विभिन्न एसोसिएशनों के माध्यम से अभ्यावेदन मिले हैं कि पेंशन की राशि बढ़ा कर कम से कम 200 रुपये कर दी जानी चाहिए। सरकार ने इस मांग पर विचार किया है किन्तु इसे स्वीकार करना संभव नहीं पाया गया।

(ग) जी, हां। जीवन निर्वाह की लागत में हुई वृद्धि की प्रतिपूर्ति करने के लिए पेंशनभोगियों को पहले से ही समय-समय पर तदर्थ / ग्रेडबद्ध राहत की स्वीकृति दी जाती रही है।

फिल्म निर्माताओं को दी गई विदेशी मुद्रा

8618. **श्री लालजी भाई** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में किन-किन फिल्म निर्माताओं को फिल्म निर्माण के लिए कितनी कितनी विदेशी मुद्रा दी गई है; और

(ख) इस बारे में पूरा ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : (क) और (ख). उन फिल्म निर्माताओं के नामों का ब्यौरा नीचे दिया गया है — जिन्हें फिल्म निर्माण के लिए पिछले तीन वर्षों (अर्थात् 1975-76, 1976-77 और 1977-78) में विदेशी मुद्रा दी गई थी :—

फिल्म निर्माता का नाम 1975-76	मंजूर/जारी की गई विदेशी मुद्रा	ब्यौरा
1	2	3
	डालर	
1. मैसर्स एसोसिएटेड फिल्म्स ऐण्ड फाइनेंस कारपोरेशन, बम्बई	34,800	फिल्म "दी ग्रेट गम्बलर" की मध्य पूर्व और यूरोपीय देशों में स्थानिक शूटिंग के लिए
2. मेसर्स डिलक्स प्रोडक्शंस मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स बम्बई,	4,240	फिल्म "फर्ज और दोस्ती" की हांगकांग में स्थानिक शूटिंग के लिए
3. मैसर्स शिव कला मंदिर, बम्बई	22,400	फिल्म "आशिक हूं बहारों का" की स्विर्ट्जरलैण्ड, यूनाइटेड किंगडम, इटली और स्पेन में स्थानिक शूटिंग के लिए